प्रेस नोट   पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद   दिनांक 28.05.2026

थाना नंदग्राम पुलिस टीम द्वारा 02 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से 02 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।

घटना एंव कार्यवाही का विवरण –

दिनांक 27.05.2026 को थाना नंदग्राम पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर चैकिंग के दौरान, हिंडन मेट्रो स्टेशन की तरफ से आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा गाड़ी न रोककर भागने का प्रयास किया गया। इस पर थाना नंदग्राम पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार अभियुक्तों (अभिषेक और लोकेश) से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि, "साहब, हम दोनों मिलकर दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में मोटरसाइकिलें चोरी करते हैं और फिर उन्हें बेच देते हैं।"पकड़ी गई स्पलेंडर मोटरसाइकिलों (UP14SF7325 व UP14BQ2036) के बारे में पूछने पर दोनों ने बताया कि मोटरसाइकिल UP14SF7325 उन्होंने दो-तीन दिन पहले पाल डेयरी के पास चल रहे भंडारे के पास से चोरी की थी, जबकि मोटरसाइकिल UP14BQ2036 काफी समय पहले दिल्ली से चोरी की गई थी। आज वे इन्हें बेचने की फिराक में जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम व पता

1. **अभिषेक** पुत्र रणवीर सिंह, निवासी: मकान नं.-375, गली नं.-2, सुभाष नगर, सिहानी रोड, थाना नंदग्राम, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद (उम्र- 24 वर्ष)।
2. **लोकेश उर्फ लकी** पुत्र श्रीपाल, निवासी: मकान नं.-580, गली नं.-2, सुभाष नगर, सिहानी रोड, थाना नंदग्राम, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद (उम्र करीब 32 वर्ष)।

बरामदगी का विवरण

02 चोरी की मोटरसाइकिल (स्पलेंडर) (रजिस्ट्रेशन नं. UP14SF7325 व UP14BQ2036)

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना नंदग्राम पुलिस टीम।